सभापति महोदय : आखिर में मैं यह प्रार्थना करूंगा कि चाहे दस बजे रात को ही क्यों न हो, हरिजनों के सवाल पर जरूर बहस कराई जाये, क्योंकि वह देश के बहुत ही ग़रीब लोगों का सवाल है । अगर वह सवाल अछूता रह गया, तो यह देश भी इसी तरह अपमानित होता रहेगा

श्री चन्द्रजीत यादव (आजमगढ़) : सभापति महोदय, इस बात पर कोई मतभेद नहीं है कि पिछले वर्षों में रूस में जो हिन्दुस्तान के जो नक्शे प्रकाशित हुए हैं, उन में हिन्दुस्तान के कुछ हिस्से को सही तरीके से नहीं दिखाया गया है । इस को सरकार भी मानती है और इस विषय पर कोई मतभेद नहीं है । प्रश्न यह है कि अगर किसी देश ने हमारे देश का ग़लत नक्शा प्रकाशित किया, तो एक सरकार की हैसियत से भारत सरकार का जो कर्त्तव्य था, उस ने उस को निभाया है या नहीं और अगर निभाया है, तो किस प्रकार से निभाया है ।

जब भारत सरकार का ध्यान रूस में प्रकाशित उस नक्शे की तरफ गया, जिस में हमारे देश के कुछ भाग को ग़लत ढंग से दिखाया गया था, तो उस ने 1956 में ही, जब कि न तो भारत और चीन की लड़ाई का सवाल पैदा हुआ था और न ही रूस और चीन की सरहद का प्रश्न पैदा हुआ था, इस बारे में रूस से प्रोटेस्ट किया । इस के बाद 1958, 1967 और 1968 में भारत सरकार ने लगातार चार बार रूस सरकार से लिखित रूप से प्रोटेस्ट किया कि हमारे नक्शे को ठीक से नहीं दिखाया गया है । जिस नक्शे को ले कर यह चर्चा हो रही है, जब उस की ओर भारत सरकार का ध्यान गया, तो उस ने जून, जुलाई और अगस्त में, लगातार तीन बार, अपने राजदूत के माध्यम से, और रूस के जो अधिकारी हमारे देश में आये, उन से बातचीत कर के, इस का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि उस ने रूस देश का नक्शा ठीक नहीं दिखाया है ।

प्रश्न यह है कि जिस नक्शे के बारे में हम चर्चा कर रहे हैं, उस के बारे में हमें चिन्ता होनी चाहिए या नहीं । मैं समझता हूं कि अगर दुनिया का कोई भी देश हमारा नक्शा सही ढंग से नहीं दिखाता है, तो स्वाभाविक रूप से देश को उस के बारे में चिन्ता करनी चाहिए । हम अपने कर्तव्य से चूक नहीं सकते हैं । लेकिन जहां तक इस चर्चा का सम्बन्ध है, मैं माननीय सदस्य, श्री कंवरलाल गुप्त, की तारीफ़ और प्रशंसा करता, अगर वह उन तमाम देशों का जिक्र करते और निन्दा करते, जिन्होंने हमारे नक्शे को ग़लत ढंग से दिखाया है । मैं नहीं जानता कि संसार के किन किन देशों ने किन-किन देशों के नक्शे ग़लत दिखाये हैं । उदाहरण के लिए पाकिस्तान को शिकायत है कि रूस, इंग्लैंड और मिश्र उस के नक्शे को ग़लत दिखाते हैं । हमें शिकायत है कि हमारे देश के नक्शे को केवल रूस ने ही नहीं, बल्कि यू० एस० ए० ने भी ग़लत दिखाया है । जिस काश्मीर को हम भारत माता का ताज और मुकुट कहते आये हैं, जिस के बारे में हम कहते हैं कि वह इस धरती पर हमारा स्वर्ग है, अमरीका उस काश्मीर को एक स्वतंत्र देश के रूप में या पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दिखाता है । लेकिन अगर माननीय सदस्य,

श्री कंवर लाल गुप्त, अपने पूरे भाषण में उस की चर्चा भी नहीं करते हैं, तो मैं उस का क्या अर्थ लगाऊं ? अगर वह इस बात का जिक्र भी नहीं करते कि कई अन्य देशों ने हमारे नक्शे को ग़लत दिखाया है, तो मैं उस का क्या अर्थ लगाऊं ? **(व्यवधान)**:

श्री रणजीत सिंह : सभापति महोदय, मेरा निवेदन है कि माननीय सदस्य देखें कि सदन के सामने मोशन क्या है । **(व्यवधान)**

सभापति महोदय : सभी पार्टियों के सदस्यों को बोलने का टाइम मिल रहा है। जो कोई सदस्य इस के बाद बोलेंगे, वह इन बातों का जवाब दे सकते हैं। लेकिन इस तरह बीच में इन्टरफ़ीयर कर के टाइम बर्बाद न किया जाये।

श्री रणजीत सिंह : मेरा पायंट आफ़ आर्डर है । सदन के सामने जो मोशन है, वह रूस द्वारा छापे गये भारत के नक्शे के बारे में है । माननीय सदस्य को उसी विषय तक सीमित रहना चाहिए। अमरीका द्वारा छापे गये गन्दे नक्शों के बारे में पच्चीसों बार यहां बहस हो चुकी है, जो हमारी पार्टी ने उठाई है, डा० लोहिया ने उठाई थी । कोई यह कैसे कह सकता है कि वह प्रश्न कभी नहीं उठाया गया ? माननीय सदस्य के पक्ष के लोगों ने भी उस प्रश्न को उठाया था । सब लोगों ने उस की निन्दा की है।

सभापति महोदय : यह कोई पायंट आफ़ आर्डर नहीं है ।

श्री रणजीत सिंह : पायंट आफ़ आर्डर यह है कि जो विषय सदन के सम्मुख है, माननीय सदस्य को उसी पर अपने विचार व्यक्त करने चाहिएं ।

श्री हरदयाल देवगुण (पूर्व दिल्ली): अगर पाकिस्तान हमारे देश पर हमला करे, तो माननीय सदस्य कहेंगे कि पहले चीन से लड़ लो, फिर पाकिस्तान से लड़ना !

सभापति महोदय : आप की पार्टी के सदस्य बोल चुके हैं। अब माननीय सदस्य को बोलने दीजिए।

श्री चंद्रजीत यादव : प्रश्न यह है कि क्या अमरीका और इंगलैंड ने उन नक्शों को दुरुस्त कर लिया है, जिन में काश्मीर को हमारे देश का भाग न दिखा कर ग़लत ढंग से दिखाया गया है । स्वतंत्र पार्टी के लोग चेकोस्लोवाकिया के दुबचेक की फ़ोटो की पूजा करते हैं, वे उस की एक आदर्श पुरुष के रूप में पूजा करते हैं, वे उस के "ज़िन्दाबाद" के नारे लगाते हैं और कहते हैं कि उस के आदर्शवाद को स्थापित करना चाहिए। लेकिन दुबचेक के ज़माने में ही चेकोस्लोवाकिया के नक्शों में हमारे देश के कुछ भाग को ग़लत ढंग से दिखाया गया था ।

आज इस प्रश्न को छेड़ने के पीछे कोरी राजनीति है । क्यों इस राजनीति को उठाया गया है ? पिछले साल, दो साल से देश एक नई दिशा की ओर जा रहा है, देश में एक नई भावना पैदा हो रही है । प्रगति के उस कदम का विरोध करने की स्वतंत्र पार्टी और जनसंघ एक बड़ी भारी योजना है और यह उस योजना का एक अंश है ।

श्री हरि कृष्ण : मेरा पायंट आफ़ आर्डर है । रूस ने जो ग़लत नक्शे छापे हैं, माननीय सदस्य अगर उस को प्रगति कहते हैं, तो यह एक बहुत अजीब बात है।

श्री चंद्रजीत यादव : माननीय सदस्य समझने की कोशिश करें ।

[श्री चन्द्रजीत यादव]

आप बैठिए, हम को अपनी बात कहने दीजिए। ..... (**व्यवधान**) ....

सभापति महोदय: ऐसे तो हाउस नहीं चल सकता । अगर इस तरह से हाउस चलेगा तो मैं हाउस एडजर्न कर दूंगा । इसलिए आप मेहरबानी कर के चलने दीजिए ।

श्री अब्दुल गनी डार : आप तो बड़े बजुर्ग हो, आप क्यों खफा हो जाते हो ? आप सभापति हो और हमारे नेता हो... (**व्यवधान**)......

شری عبدالغنی ڈار : آپ بڑے بزرگ ھو - آپ کیوں خفا ھو جاتے ھو - آپ سبھاپتی ھو اور ھمارے نیتا ھو (ویوڈ ان)

सभापति महोदय : जितनी मर्जी आप लोग बोलना चाहेंगे हम टाइम देंगे । लेकिन जो माननीय सदस्य बोल रहे हैं उन को बोलने दो ।

श्री चन्द्रजीत यादव : मैं यह कह रहा था कि पूरे देश में एक साजिश चल रही है देश की प्रतिक्रियावादी ताकतों की तरफ से कि हिन्दुस्तान में जो प्रगति के लिए हमारी सरकार कदम उठा रही है या जिन देशों से हमारी दोस्ती है और जिन की दोस्ती को हम कायम रखना चाहते हैं इसलिए कि उस में हमारे भी राष्ट्र का हित है और उन का भी हित है, दुनिया के सारे देशों के साथ दुश्मनी कर के, दुनिया के सारे देशों को दुश्मन के खेमे में रख कर हम अपने को अलगाव की स्थिति में, आइसोलेशन की स्थिति में नहीं रखना चाहते, अगर उन के तर्क को मान लिया जाय तो इस का अर्थ क्या होगा ? ..... (**व्यवधान**)..... .. स्थिति यह है कि आज हम इस बात को स्वीकार करने को यार नहीं हैं......

(**व्यवधान**):....हम यह जानते हैं कि रूस हमारा एक मित्र देश है । रूस की और हमारी मित्रता कुछ आदर्शों के ऊपर, कुछ बुनियादों के ऊपर कायम है। उस मित्रता को हम बनाए रखना चाहते हैं आज भी और भविष्य में भी । लेकिन वह मित्रता अपने देश के सम्मान की कीमत पर, वह मित्रता अपने राष्ट्रीय हितों की कीमत पर, वह मित्रता अपने देश की आजादी और सार्वभौमिकता की कीमत के ऊपर चाहे वह रूस के साथ हो, अमेरिका के साभ हो या किसी के साथ भी हो, हम नहीं रखना चाहते । लेकिन प्रश्न यह है कि आप क्या चाहते हैं हम से ? हम ने प्रोटस्ट नोट भेजें । हम ने बातचीत कर के लगातार उन का ध्यान उस की तरफ खींचा । आज अमेरिका गोवा के ऊपर हमारी प्रभुसत्ता को मानने के लिए तैयार नहीं है । आज भी अमेरिका एक एक गोवा के नागरिक को मानता है कि वह पुर्तगाली नागरिक हैं । तो क्या हम अमेरिका के कहने से गोवा के अपने देश के नागरिकों को पुर्तगाली नागरिक मान लें ? अगर अमेरिका हमारी प्रभुसत्ता को काश्मीर के ऊपर नहीं मानता तो क्या उस के कहने से हम काश्मीर को एक स्वतंत्र देश मान लें ? हम को इस प्रश्न के ऊपर विचार करना है कि दुनिया के दूसरे देश क्या कहते हैं हम उस को मानने के लिए तैयार नहीं हैं । जैसा हमारे किसी मित्र ने कहा है, "मैं समझता हूं उन्होंने सही कहा है भारत का नक्शा और भारत की भूमि के बारे में भारत की सरकार जिस नक्शे को बनाएगी उस को हम एक अधिकृत नक्शा मानेंगे । क्या अमेरिका उस के बारे में कहता है, क्या अंग्रेज कहता है या क्या सोवियत यूनियन कहता है उस का इस से कोई मतलब नहीं होगा । अगर गलत नक्शे होंगे तो उस के खिलाफ हम अपना प्रोटेस्ट करेंगे, उन का ध्यान उस की तरफ खींचेंगे । लेकिन इस के मानी यह नही हैं कि हम उस भूखण्ड

को छोड़ देंगे और उन के पीछे दास बन कर घूमते और दौड़ते फिरेंगे ।

मगर मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि सोवियत यूनियन और हिन्दुस्तान की दोस्ती तोड़ने की साजिश जो इस देश में प्रतिक्रियावादी ताकतें मिल कर कर रही हैं हम उस को नहीं होने देंगे । हम उस बात को नहीं भूल सकते कि जब काश्मीर का सवाल आया तो सोवियत यूनियन ने संयुक्त राष्ट्र संघ में अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर के हमारी मदद की । जब गोवा का सवाल आया तो अमेरिका और इंग्लैंड ने पुर्तगाल की मदद की लेकिन तब सोवियत यूनियन ने हमारी मदद की । हमारे देश के अंदर उन बुनियादी उद्योगों को और हमारे देश की आर्थिक हालत को मजबूत करने के लिए रूस ने जिस प्रकार का संबंध जोड़ा और हमारी मदद की हम उस संबंध को बनाए रखना चाहते हैं ।

अंत में मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि यह सोवियत रूस के नक्शे का सवाल जो है, इस में जहां तक यह बात है कि उस ने गलत नक्शे दिखाए हैं, उस के ऊपर हम सभी एक साथ हैं जहां तक कि इस का सवाल है कि प्रोटेस्ट करना चाहिए, हम को हाइएस्ट लेवल पर उस सवाल को उठाना चाहिए और उन से कहना चाहिए कि आप हमारे मित्र हैं, आप इस नक्शे को बदलिए । आप की अपनी सरकार है, उस को बदलवाइए ।

श्री पीलू मोदी : और अगर नहीं किया तो ?

श्री चन्द्रजीत यादव : अगर नहीं किया तो हम फौज नहीं भेजेंगे । मोदी साहब चाहते हैं कि हम उस के लिए फौजें भेजें तो वह हम नहीं करने वाले हैं । माननीय मोरार जी भाई की तरह से मैं यह भी नहीं कहना चाहता– मोरार जी भाई आज कहते हैं कि अपने राजनैतिक संबंध तोड़ दो । कल तक मोरार जी भाई बठे थे कैबिनेट के अंदर और 56 से मामला चल रहा था तब कभी नहीं कहा कि हम रिजाइन करते हैं इस मामले पर । आज निकले हैं और अब जब इस ग्रैंड एलाएंस का नेता बनने की बात करते हैं तब उन को मातृभूमि का वह भाग नजर आता है । तब उन को सोवियत नक्शा याद आता है और तब इस बात को कहते हैं कि इस नक्शे को ठीक करो नहीं तो हम अपना राजनीतिक संबंध तोड़ते हैं । लेकिन इस बात को मैं अपील कर के कहना चाहता हूं .....

SHRI MORARJI DESAI: I have to contradict the statement made. I would like to correct the wrong statement against me. I have not said that on this count diplomatic relations should be completely broken. I have said, in extreme cases that also can be done. But we have not even broken off with China. How can we break off with them? But you must take some strong diplomatic action. That is what I have said. Why are they hesitating about it?

श्री चन्द्रजीत यादव : श्रीमन्, मैं यह कह रहा था कि यह जो पूरा वातावरण बनाने की कोशिश की गई, मैं इस बात को मानता हूं कि आज उस नक्शे को हमें ठीक कराना है अगर इस बात के ऊपर सभी एक मत हों तो आएं हम सब मिल कर इस बात को करें । लेकिन उस में यह नहीं हो कि सोवियत एम्बैसी के सामने तो करेंगे प्रदर्शन और अमेरिकन एम्बैसी के सामने आप की हिम्मत नहीं पड़ेगी..... **(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य : सब जगह चलो ।

श्री चन्द्रजीत यादव : मैं इस बात को मानता हूं कि सब मिल कर इस में अपनी एक राय दें और पार्लियामेंट की यह राय जाय कि दुनिया के तमाम देश जिन्होंने हमारे नक्शे को गलत छापा है उन देशों के

[श्री चन्द्रजीत यादव]

साथ हम को प्रधान मंत्री के स्तर पर बात करनी चाहिए। लेकिन यह नहीं हो सकता कि आप एक देश को अलग कर के उस में अपनी राजनीति करना चाहें। यह चीज नहीं हो सकती। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सारे का सारा एक राजनैतिक सवाल है, एक साजिश के मातहत है और यह उस साजिश का एक अंग है जिस में हमारी प्रगतिशील अंदरूनी नीतियों का भी विरोध हुआ है और हमारी वाह्य नीतियों का भी विरोध हो रहा है। इसीलिए गृह नीति और विदेश नीति दोनों को जोड़ कर यह ताकतें उस के ऊपर विरोध करना चाहती हैं। मेरा निवेदन है कि इस प्रस्ताव को सदन को मंजूर नहीं करना चाहिए।

श्री **प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : सभापति जी, सत्तारूढ़ दल के और विरोधी पक्ष के भी मैं अपने उन मित्रों को राय से पूरी तरह सहमत हूं कि हमारे देश की एक इंच धरती को भी चाहे वह अमेरिका हो, रूस हो या ब्रिटेन हो, चैकोस्लोवाकिया हो, स्विटजरलैंड हो, कोई भी क्यों न हो, वह किसी दूसरे देश के नक्शे में दिखाता है तो हम को सब को समान स्तर पर रख कर सब का विरोध करना है। क्योंकि यह हमारे देश की रक्षा का प्रश्न है, हमारे देश के स्वाभिमान का प्रश्न है। जहां तक इस बात का प्रश्न है कि अमेरिका ने कुछ नक्शों में काश्मीर की धरती को पाकिस्तान का भाग दिखाया या इंग्लैंड ने हमारी धरती को पाकिस्तान का भाग दिखाया, मैं अपने मित्र चन्द्रजीत यादव को याद दिलाना चाहता हूं कि तीसरी संसद के अधिवेशन में शायद हमी थे जिन्होंने इसी संसद के अंदर इस प्रश्न को उठाया था और उस समय अमेरिका की भी निन्दा की थी और ब्रिटेन की भी निंदा की थी।

आज यह प्रश्न आया है कि रूस ने हमारी कुछ धरती को चीन का हिस्सा दिखाया है। मैं इस बात में अपने इन दोस्तों से सहमत हूं कि भारत के पड़ोस में जितने देश हैं, हम को अपनी ओर से प्रयत्न करना चाहिए कि उन के साथ हमारी मित्रता न छूटे, हमारी मित्रता बनी रहे। लेकिन हम उस मित्रता की कीमत अपने राष्ट्र के स्वाभिमान के रूप में नहीं दे सकते, मित्रता की कीमत अपने राष्ट्र की धरती के रूप में नहीं दे सकते। हम उस मित्रता की कीमत अपने देश के किसी भाग को किसी दूसरे देश का हिस्सा दिखाने के रूप में नहीं दे सकते। जो बात मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह यह है कि जहां तक सोवियत रूस का सवाल है हमारा यह सौभाग्य था कि जिस समय श्री बुल्गानिन और खुश्चेव यहां आए तो उन्होंने यह कहा था कि अगर कभी हिन्दुस्तान के ऊपर किसी प्रकार की कोई आंच आए तो हिमालय के ऊपर खड़े हो कर आवाज लगा देना, हम तुम्हारी सहायता के लिए यहां उपस्थित मिलेंगे। लेकिन चीन ने जब हमारे ऊपर आक्रमण किया और उन से पूछा कि आप ने हमें आश्वासन दिया था तो उन की ओर से यह भी उत्तर आया, शायद चन्द्रजीत जी को भी याद होगा कि भाई के खून में और दोस्त के खून में अन्तर होता है। भाई और दोस्त में भाई का खून ज्यादा गाढ़ा होता है, दोस्त का खून इतना ज्यादा गाढ़ा नहीं होता है—यह उत्तर भी उन्हीं की ओर से आया था।

दूसरे—जब से यह चीनी नकशे का प्रश्न आया है, इस पर आप भी निन्दा करते हैं और हम भी करते हैं। लेकिन बड़ी बात यह है कि रूस का कुछ समय से बड़ा विरोधी रवैया इस प्रकार बढ़ता जा रहा है कि आज राष्ट्रीय स्वाभिमान से सम्बन्ध रखने वाले लोगों को, चाहे इस पक्ष के हों या उस पक्ष के हों, दोनों को समान रूप से उसकी निन्दा करनी चाहिये। आप बताइये—जब श्री खुश्चेव यहां पर आये थे, उन्होंने यह कहा था कि काश्मीर की एक-

एक इंच धरती भारत की है, उस पर किसी दूसरे देश का अधिकार नहीं है। लेकिन मैं अब अपने मित्रों से पूछना चाहता हूं —क्या आज रूस की नीति वही है जो खुश्चेव के समय में थी. . . .

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : बिलकुल वही है।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : अगर वही है, जैसा कि श्री रामावतार शास्त्री कह रहे हैं, तो जिस समय स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ताशकन्द समझौते में शामिल होने के लिये गये थे और यहां यह कह कर गये थे कि काश्मीर के प्रश्न पर वहां किसी प्रकार की चर्चा नहीं होगी, क्या श्री कोसिगिन की तरफ से और रूस की सरकार की तरफ से उन पर दबाव नहीं डाला गया था कि समझौते में काश्मीर के प्रश्न को भी शामिल कर लिया जाय। रामावतार शास्त्री जी बताये—क्या उनकी ओर से इस प्रकार का दबाव नहीं डाला गया था ?

सभापति महोदय, अब से कुछ समय पहले जब सरदार स्वर्ण सिंह रक्षा मंत्री थे, हम ने उन से एक प्रश्न पूछा था—क्या यह सत्य नहीं है कि पाकिस्तान को रूस से टैंक मिले हैं, तब सरकार ने इसी संसद में जवाब दिया कि नहीं हम को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है। अब बताइये—उस समय आपकी सूचना सही थी या सदस्यों की सूचना सही थी ? आज उसी प्रकार के हथियार जो रूस भारत को दे रहा है, वे पाकिस्तान को भी दे रहा है–इसमें सच्चाई है या नहीं ?

तीसरी सब से बड़ी बात—आज रूस हमारा मित्र है और हम भी चाहते हैं कि उस के साथ हमारी मित्रता रहनी चाहिये। लेकिन जिस रूस ने ताशकन्द का समझौता कराया, आज जब उसी समझौते को दूसरा पक्ष दियासलाई लगा कर जलाता है, तो क्या रूस की तरफ से उस के विरुद्ध एक शब्द भी कहा गया है कि पाकिस्तान को ताशकन्द समझौते का आदर करना चाहिये, सम्मान करना चाहिये। जब कि भारत उस का पूरा सम्मान कर रहा है। सच्चाई यह है, सभापति महोदय, भारत सरकार नहं कहा जा सकता किन कारणों से पिछले कुछ समय से रूस से भयभीत हो गई है और उसके दबाव में आ कर कुछ इस प्रकार के निर्णय ले रही है जो देश के स्वाभिमान को आगे चल कर मिट्टी में मिलायेंगे। उदाहरण के लिये मैं एक सनसनीखेज बात बतलाना चाहता हूं, जिस को मैंने गृह मंत्रालय की सलाहकार समिति में प्रधान मंत्री के सामने भी कहा था और वह यह कि जब आप समझते हैं कि आज काश्मीर के सम्बध में रूस की नीति बदल गई है, जब आप समझते हैं कि पाकिस्तान के साथ भारत का काश्मीर में संघर्ष होकर चुका है तो मैं पूछना चाहता हूं—इस सरकार ने काश्मीर के फौरेस्ट्स का सर्वे करने के लिये रूस के एक्सपर्ट्स को बुलाया है या नहीं ? यानी काश्मीर के फौरेस्ट्स का सर्वे करने के लिये रशियन एक्सपर्ट्स आये और उस हिस्से का सर्वे कराया गया जो रूस और हिन्दुस्तान की सीमा से मिले हुए हैं। मैं पूछना चाहता हूं क्या हिन्दुस्तान में इस प्रकार के विशेषज्ञों का अभाव हो गया है, जो रूस से इस प्रकार के विशेषज्ञ बुलाये गये और कहा गया कि काश्मीर के जंगलों में जाओ और वहां जा कर यह काम करो।

दूसरी बात, नकशों को लेकर आज हमारे दिलों में जो दर्द और आपत्ति है, वह इसलिये भी है कि एक दफा पहले भी रूस के नक्शे हम को इसी प्रकार अपमानित कर चुके हैं—कोलम्बो प्रस्तावों के समय। उस समय भी रूस के छपे हुए नक्शे प्रमाण के रूप में वहां प्रस्तुत किये गये थे और अक्साई चीन की रेखा जो उस समय खींची गई थी, वह भी रूसी नकशों को सामने रख कर खींची गई थी। तो हम को सब से बड़ी आपत्ति यह है कि कल जिन रूसी नकशों में छपे हुए भारत के मान चित्रों के कारण हम अपमानित हो चुके हैं, वही अपमान हम को दोबारा न देखना पड़े।

सभापति महोदय, मेरे एक मित्र ने कहा कि हमारी नीति बड़ी संतुलित होनी चाहिये।

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

अगर हमारे देश का गलत चित्र, धुंधला चित्र प्रस्तुत करने पर बी० बी० सी० के प्रतिनिधि को निकाला जा सकता है, तो रेडियो पीस एण्ड प्रोग्रेस, मास्को रेडियो से प्रतिदिन जो भारत विरोधी समाचार प्रसारित होते हैं, भारत सरकार उन के सम्बन्ध में अपने मुंह पर पट्टी बांध कर क्यों बैठ जाती है यह जो असन्तुलन है इसको किस प्रकार से सन्तुलन कहा जा सकता है ?

सभापति महोदय, इस बात के ऊपर मैं विश्वास नहीं करता, पीछे जैसे मेरे कानों में आ कर समाचार पड़े हैं कि रूस आज हमारी घरेलू नीतियों में भी हस्तक्षेप करने लगा है। ऐसे समाचार यहां जगह जगह सुनने को मिलते हैं। जैसे स्वर्गीय राष्ट्रपति डा० जाकिर हुसैन का जब देहावसान हुआ तो रूस से सुझाव आये कि अब राष्ट्रपति किस को चुना जाय। हमारे देश में कमाण्डर-इन-चीफ का निर्वाचन होना है तो बाहर से सुझाव आ रहे हैं कि सेना का थल-सेनापति किस को बनाया जाय। हमारे देश में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रिटायर होने जा रहे हैं तो बाहर से सुझाव आ रहे हैं कि उस पुरानी परम्परा को समाप्त कर के बाहर से किसी को सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया जाय। इस प्रकार की स्थिति सही है—मैं विश्वास नहीं करता। लेकिन अगर इस में कुछ भी सत्यांश है तो इस प्रकार का हस्तक्षेप एक तरह से हमारी स्वतन्त्रता को रूस के पास गिरवी रखना होगा। इस सरकार ने जो सब से बड़ी कर्तव्य पालन में चूक की, वह यह कि वह कहते तो यह हैं कि हम ने कर्तव्य पालन किया रूसी नकशों पर प्रतिबन्ध लगाया, लेकिन यह प्रतिबन्ध कब लगाया ? जब इस संसद में शोर मचा, जब इस संसद के सदस्यों ने खड़े होकर सरकार को विवश कर दिया, तब सरकार ने प्रतिबन्ध लगाया। अगर इस सरकार ने पहले ही यह कदम उठा लिया होता तो शायद आज इस प्रकार से सरकार को आलोचना का विषय न बनना पड़ता।

MR. CHAIRMAN: Mr. Piloo Mody.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, I want two minutes to explain my amendment.

SHRI PILOO MODY (Godhra): It has been maintained that our friendship with the Soviet Union is increasing. We are happy if it does, But will the hon. Minister kindly explain just one single point? Upto 1967 even though the Soviet maps showed all of NEFA and Aksai Chin as part of China, when they drew the border, they had a note on it which said "This is a disputed border.'. Since 1967 that note has disappeard and the External Affairs Ministry which is aware of this, has been suppressing this fact from the Parliament and the people of India. I want to know. What is the motivation of the Government of India trying to suppress this fact from the Parliament and the people of India? This is a shift in the Soviet policy. After all, they are very thorough people. They do not do these things inadvertently. The shift in the Soviet attitude about our border—what does it represent? What dangers does it represent to this country?

Thank you.

SHRI SAMAR GUHA: On a point of order, Sir. Is it not proper that after SSP, it is the turn of the SSP speaker? I do not know. Sir, this is very unfair on your part to make this discrimination.

MR. CHAIRMAN: Please don't pass these remarks. You are in the habit of passing remarks.

SHRI SAMAR GUHA: *

MR. CHAIRMAN: This will not go on record.

MR. HEM BARUA.

SHRI HEM BARUA (Mangaldai): This debate on cartographic aggression has aroused emotions and passions and passions. But, Sir, I do not

*not recorded.

want emotions and passions to be aroused. I want you to study this matter in the correct perspective. No anti-Russian lobby should function in this country and no anti-Russian campaign should be carried on because of this cartographic aggression and to say that there is an anti-Russian lobby in this country is entirely wrong. Nothing like that. (*Interrptions*).

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Balrampur): Mischievous.

SHRI HEM BARUA: One mistake does not justify another mistake. The mistake of the Russian cartographic aggression does not justify the mistake committed by other nations like America and possibly Britain.

AN HON. MEMBER: And others.

SHRI HEM BARUA: One mistake does not justify another mistake. We have taken action against the BBC. That would not justify that we should not take action against Russian cartographic aggression. Aggression is aggression. Aggression is always a prelude to physical aggression. There is no doubt about it.

I remember when this matter of Chinese aggression was pointed out on the floor of the Hoose, the Prime Minister at that time pooh-poohed this pointing out the fact. But when China attacked us in 1962, everybody was silent.

All those people who pooh-poohed this idea of cartographic aggression by China were silent when the actual Chinese aggression came. I saw with my own eyes in the military barracks of NEFA occupied once by the Chinese who have written on the whole 'If you, Indians, misbehave, we will come back again'. That is what they have written in the army barracks when the Chinese occupied them during their aggression in 1962.

SHRI S. M. BANERJEE: But we have beaten them away in Nathu La.

SHRI HEM BARUA: Mr. Krishna Menon who was the Defence Minister then made a speech in Bombay that defeat in isolated battles do not make a war. But the fact remains that we were defeated in the isolated battles in the hands of China. There is no doubt about it. We were defeated. There are instances of cartographic aggression by the USA and UNO so far as Kashmir is concerned. But then, we have been protesting against that. Have we not? We have protested against that. What is the harm if we protest against this cartographic aggression by the Soviet Russia? Because, I always believe that Soviet Russia must be friendly with this country. But we want friendship on equal terms, on a reciprocal basis, —not on the basis of surveillance. We don't want that type of friendship.

SHRI PILOO BODY: Friendship with honour.

SHRI HEM BARUA: Yes, friendship with honour. You are right. Mr. Piloo Mody is at least right when he said, we want friendship with honour. That is right. We don't want friendship on the basis of surveillance.

Now, this cartographic aggression has agitated the mind of all. There is no doubt about it. I think, it has agitated the minds of the leaders of the Government also, including Mr. Surendra Pal Singh ji. I think, Sir, is has agitated the mind of everybody.

But, at the same time, this is also a fact that Soviet Russia had given arms and ammunitions to Pakistan. Their argument is this, that they want to wean away Pakistan from the clutches of China. And now the Russian leaders are coming to realise this very fact.

Now, why are we concerned by this cartographic aggression by Soviet Russia? Because of the fact, there was cartographic aggression by China and that was followed by physical action and therefore we are afraid, because of this,

[Shri Hem Barua]

At the same time the question arises What should we do now? There are some people who say that we should go to war with Soviet Russia. I do not think so. We must not go to war with Soviet Russia because we are not in a position to do it firstly. And, secondly, Sir, that would violate the principle of peace.

Sir, we want peace with every country and friendship with every country on equal terms. We do not want to go to war with Soviet Russia because of these facts. But, at the same time, we can do one thing.

We can carry on a map warfare against Soviet Russia. If Soviet Russia refuses to revise these maps, we can do one thing. We can print maps showing Russian territory as Afghan Rumanian Hungarian or even Chinese territory and bombared the Russian Embassy in Delhi with those maps. We can publish such maps showing portions of Russian territory as belonging to Afghanistan, Rumania. Hungary or even China. *Interruption*). We can do that. We can carry on that map warfare. We should do something to make the Russian leaders realise that India cannot be taken for granted. Sir, the trouble is that they think that India is taken for granted.

You know, upto 1967, what happened? The international border in NEFA was taken as a disputed territory by the Russians, and the Russian Ilyushin test pilot refused to fly over there, because that was a disputed territory before 1967. After 1967 that position was also reversed. Now the territory in both Aksai Chin and NEFA are shown as belonging to China and that is what is shown in the maps.

Now, this is a fact that for the first time our Government protested to Soviet Russia in 1956, I think. And that protest was followed by three protests and the latest was in 1969.

Now, Sir, we should take up this matter very boldly about these erroneous maps in the great Soviet Encyclopaedia and see that Soviet Russia publishes the maps correctly.

Thank you.

श्री प्रेम चन्द वर्मा (हमीरपुर) : सभापति जी, अब 6 बजने वाले हैं। आप इसको 6 बजे खत्म कर दीजिए क्योंकि वही नकशा है और वही बात सभी को कहनी हैं।

सभापति महोदय : हम चाहते हैं कि खत्म हो जाये लेकिन अभी पार्टीज के दो तीन लोग बोलने वाले हैं और दो तीन मेम्बर आपकी तरफ से बोलने वाले हैं इसलिए मुश्किल हो जाता है। सदस्यों से मेरा इतना निवेदन जरूर है कि दो-दो मिनट में भी अपनी बात कह लें। .... (**व्यवधान**) ....

श्री मोहन प्रसाद : इस चर्चा का उत्तर या तो आप आज ही मन्त्री महोदय से दिलवा दे या फिर कल तक के लिए इस सेशन को और बढ़ा दिया जाये। .... (**व्यवधान**) ....

श्री रामचरण : मेरा भी यही निवदन है क्योंकि अभी शड्यूल्ड कास्ट रिपोर्ट पर भी डिस्कशन पूरा नही हुआ है। ... (**व्यवधान**) ....

सभापति महोदय : हाउस को बढ़ाने की जहां तक बात है उसके लिए आप स्पीकर साहब को लिखकर दीजिए। .... (**व्यवधान**) .. कृपालानी जी।

श्री राम चरण : इस वक्त तो स्पीकर आप ही हैं।

सभापति महोदय : नहीं, आप उन्ही को लिखकर दीजिए। इस में मैं कुछ नहीं कर सकता हूं। .... (**व्यवधान**) .... कृपालानी जी।

श्री मोलहू प्रसाद : शेड्यूल्ड कास्ट रिपोर्ट पर 20 घंटे का डिस्कशन होने की रूलिंग तो यहां पर आपने ही दी थी। . . (**व्यवधान**) . . आप इस सम्बन्ध में हाउस का फैसला ले सकते हैं।

SHRI SAMAR GUHA: We can sit tomorrow also, because the Rajya Sabha is sitting till the 7th.

श्री शिव नारायण : आप मिनिस्टर का जवाब यहां पर दिलवाइये। आपने इस बात का एश्योरस दे रखा है। . . . (**व्यवधान**) . . .

सभापति महोदय : शिव नारायण जी, आप एक ग्रुप के चीफ व्हिप हैं। अगर आप ही इस तरह का बिहेवियर करेंगे तो कैसे काम चलेगा। (**व्यवधान**) . . . कृपालानी जी।

श्री राम चरण : सभापति जी, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। शेड्यूल्ड कास्ट रिपोर्ट अभी तक पोस्टपोन होती चली आई है उसको कन्क्लूड होना चाहिए। इसलिए मेरा निवेदन है कि या तो सरकार सबसे पहले उसका उत्तर दे और अगर अभी उत्तर नहीं देना चाहती है तो फिर इस हाउस को एक्सटेंड कर देना चाहिए। . . . (**व्यवधान**) . . . हरिजनों के साथ इस तरह का पक्षपात नहीं होना चाहिए। . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री स० मो० बनर्जी : सभापति महोदय, जब पहले हमने इस हाउस को तीन तारीख के लिए एक्सटेंड किया था तब यह नहीं सोचा था कि इतना काम बाकी रह जायगा। शेड्यूल्ड कास्ट रिपोर्ट पर जो डिस्कशन था वह भी अभी बाकी है। तो मेरा कहना यह है कि जब राज्य सभा सात तारीख तक के लिए बैठ सकती है तो एक दिन के लिए हम भी बढ़ा सकते हैं। आप चेयरमैन हैं, आप पूरे सदन से कह सकते हैं और सदन आपको इस बात की ताकत दे सकता है।

श्री समर गुहा : मैं भी इस बात का समर्थन करता हूं। . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री श्रीचन्द गोयल : सभापति के वही अधिकार हैं जो कि अध्यक्ष के होते हैं। (**व्यवधान**) . . . .

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna): I can also speak as loud as other people, if they will not allow me to speak. The Chair has called me ten times, but these people are interfering. Other Members have no right to interfere when I have been called.

SHRI UMANATH: If he has got the right to speak, then we have also got the right to raise our voice.

SHRI J. B. KRIPALANI: They are not raising any point of order, but only a point of disorder. Ten times the Chair has called my name, and ten times these people have interfered. And for what? For that which the Chairman says is not within his power; and yet they tell him that it is within his power. Is this the way of doing things? I have been sitting here for five hours. and the Chairman has no mercy upon me; I am an old man, after all, and he will call me only at this time and not earlier. I have to sit here to speak last because some leaders or two or three members get up and shout.

What has been the whole discussion about? These members have only been flinging epithets against each other. I say: plague to both your houses, whether this side or that. The real question is quite different. You accuse this side that they are the friends of America. They accuse you that you are the friends of Russia and China. There are people here who are friends of both China and Russia. Where is an Indian here, I ask?

AN HON. MEMBER: I am an Indian.

SHRI J. B. KRIPALANI: You are . . . (*Interruptions*).

[Shri J. B. Kripalani]

This question of maps is not something new. It has not come to us all of a sudden. We have come across these maps from 1949. When the Chinese invaded Tibet and annexed that territory to China, at that time Sardar Vallabhbhai Patel wrote a letter to Jawaharlal drawing his attention—the letter is there for anybody to see—to the intentions of China, that they will aggress against India, and asking him to be careful. He was not careful.

When Jawaharlal came with the treaty with China in 1954 in this House, I said: 'Sir, did you talk of the maps?' He said "Yes, I mentioned about the maps and Chou-En-lai, said 'these are old maps of the Chiang Kai-shek time; we had no time to look into them'."

I said, "even when there are written treaties there is always the question of interpretation. You have nothing in writing. It is Chou-En-lai's word against your word, one word against another." Even when there are talks between representatives of two nations, afterwards those talks are written down and submitted to the parties concerned to confirm these were right or wrong. Even then there are disputes.

I raised this question at that time. This is not a new question. Why are we afraid of these maps? Because these maps led to aggression on the part of China. It was justified on the basis of these maps: China had already claimed these territories, so they had a right to those territories and these maps were cited in support.

Then you know what happened when there was Chinese aggression—members have mentioned it here; I do not want to repeat it. Russia was a great friend of ours. But at the time they said: 'There is a question of brother; there is a question of a friend'. They said: 'China is our brother and you are our friend. So you will have your proper place. Do not bother about it'.

This question was raised with Russia I think in 1967 or so. They considered these territories as disputed. They knew that these territories are disputed. Have these facts come out or not? Can the Foreign Minister—I mean the Foreign Affairs Minister; sometimes our Foreign Affairs Ministers are raelly 'foreign' Ministers—tell us about it? Will my learned friend, the Minister of Foreign Affairs, tell be whether these are facts or not, whether they are in his record or not or whether he never heard of them.

Therefore, we are apprehensive of what is being done by Russia today, namely printing those maps not even telling us that it is disputed territory, publishing those maps in their latest authorised Encyclopaedia. Nobody should impute motives to us that we are enemies of Russia. We are only proceeding on what has happened historically. When nation is not historically aware of happenings, then say that nation is doomed. We must learn from history, we must learn from experience.

Russia is our friend, but Russia is supplying arms to Pakistan and also naval help to Pakistan. Remember that the foreign policy of a nation does not change because its home policy has changed.

What is Pakistan going to do with its navy? Is England coming back or is America or China going to attack Pakistan? They have no enemies on the sea side. Their only enemy is India so far as the sea is concerned. About land also that is true. So, why Soviet Russia is giving naval help to Pakistan we have not been able to understand. If we think that Soviet Russia will be against Pakistan, we have not read

European history at all. It is always the effort of Russia to have a port in the tropical waters. In Europe it is the Mediterranian. In Asia it is the Indian Ocean. The way lies through Pakistan. As I am alive today to see the result of the mistakes Jawaharlal committed, I hope I will be alive to see the day when you will be left in the lurch. The Soviet Union will be entirely with Pakistan and you can do what you like, because they want a passage to the Arabian sea and the Indian Ocean.

DR. KARNI SINGHT (Bikaner): The humiliation that has been caused to our country as a result of this Soviet cartographic aggression has had its echoes throughout the country. It is adequately clear to us now that India's policies of non-alignment are really becoming a hoax and every day we are more and more getting tied to the apron strings of the Soviet Union. You know as well as all of us do here that the gradual encroachments on India's territories, regarding which we have raised discussions on the floor of the House for a long time, have given our country shock after shock, but the fact remains that this Government, instead of taking some positive stand, whenever it comes to the Soviet Union, it always has a tendency to soft-pedal.

I would like to read out something from Shri Swaran Singh's speech made in the Rajya Sabha. He said:

> "They had further told the Government that the Soviet Union completely respected India's territorial integrity and that the wrong depiction of boundaries on maps did not in any way affect or reffect the Soviet Government's understanding of and respect for India's frontiers."

Then he goes on to reply in another Rajya Sabha debate in a very powerful and a strong voice which only the Minister of a powerful country like India can do:

> "It had been asked whether the Government had asked the Soviet Union to clarify their position ir writing. The Government had nc done it so far."

18 hrs.

I quite understand that the Government is slightly scared of the Soviet Union. But I do hope that they are letting down our country. He says:

> "When they clarified the position in writing, they would clarify it on the map."

Then he goes on further with very brave words:

> "It was easy to write and also, perhaps it might not be quite comfortable to get a clear 'No'."

If the Government is friendly with the Soviet Union I cannot understand why they should be frightened of getting a 'No'. If our case was strong and Soviet Government also are appreciative of India's stand why should there be any difficulty in the Government taking up this matter expeditiously? If you get on 'No' surely we can strongly represent to the Soviet Union that this is not the way of expressing friendship between two nations. If we become subordinate officers to them we are letting down the country.

What does the Soviet Union think of us? In the foreword to the Great Soviet Encyclopaedia, they say:

> "The current third edition of the Great Soviet Encyclopaedia is pubshed in conformity with the decree of the Central Committee of the Communist Party of the Soviet Union and the Countcil of Ministers of the Union of Soviet Republics."

It is absolutely clear from this that the maps have sanction of the Soviet

[Dr. Karni Singh]

Union Government. Therefore you cannot turn round and say that the maps have been prepared by mistake. These maps have been deliberately prepared. They are deliberately prepared to give a corridor to the Chinese through Pakistan to ports. We know perfectly well the Minister designs behind it. We also know that if there was a war between China and India—God forbid—we know perfectly well on which side Soviet Union's sympathy will be. This same Government knowing this weakness is buying its arms from the Soviet Union. Whether it is a question of high power transmitters or a satellite for television or whatever it may be, the question arises whether it should be from the free world or the iron curtain countries. We have to realise that as long as India declares itself to be a democratic country, it is a free country. Whether you like it or not you have absolutely nothing in common with the Soviet Union the day when you become a communist country I can understand that. I should like to give you one more quotation before I finish. It is about the Brezhnev Doctrine.

> "The Brezhnev Doctrine, invented to explain and justify retrospectively the invasion of Czechoslovakia, claims that any country which calls itself 'socialist' can never hope to escape from that net and that any attempt to take back to the path of liberal democracy would justify Soviet Military intervension."

You can under stand perfectly well what is behind the minds of the Soviet people, behind this garb of friendship. We should not be led astray by this friendship because if the time came and this country remained a socialist country in terms of the Soviet Union then we shall never be able to go to the path of liberal democracy. Soviet intervention in India would be justified by Brezhnev doctrine. It is a matter of great regret and shame and I can only hope that the Government will wake up to the fact and realise that only democratic countries have something in common and it is essential for us when we start thinking in terms of non-alignment that we understand by non-alignment as a result of inherent internal strength and if we do not, then the wisest thing for us is to have alignment with other countries who think as we do and whose political philosophy is the same as ours.

SHRI AHMAD AGA (Baramulla): Sir, before I begin to speak on the subject proper, I want to place on record that in Parliament, to me, an opportunity to speak has been frequently denied. I have to say it, and I want this to go on record. (*Interruption*).

MR. CHAIRMAN: The Members are called with due reference to their numbers. This remark is not justified.

SHRI AHMAD AGA: I now wish to speak a few words on the subject under discussion, the mistake committed by the Soviet Government with regard to the map of India. There are many other countries who have also made similar mistakes. The United Kingdom has made the mistake. There are other countries like Switzerland and Sweden and others who have made the mistake.

This is a thing which one can hardly dismiss; it need be rectified by protesting or by asking those countries and saying that "you are friendly and let us try to rectify these mistakes."

But the most important point is, and a thing about which I feel concerned is that the United States of America have comletely omitted to show Kashmir as part of India. They have also deleted the word "Jammu";

the name of my State is Jammu and Kashmir. It is not just "Kashmir". This is very important. The UN and USIS have put down Kashmir as a separate State. I read sometime ago—I do not remember perhaps very clearly—Mr. Bal Raj Madhok's book, *New Alignments in Kashmir*. In that book, he has stated or recommended or he has wanted or wished that Badarwah and other parts of Jammu should be merged with Himachal Pradesh; and so the Jammu territory also. He completely omits and he completely forgets the valley of Kashmir, in the same way. I find the Americans doing the same thing.

When I look at the geography that has been written and the maps that have been prepared—I am not talking in favour or against America or Russia or in favour or against anybody—I am referring to McGraw Hill's *Illustrated World Geography*,— what do I find? It has been prepared by the University of Cambridge and it has been edited in America in 1960. I cannot believe that the University of Cambridge was or is unaware that Jammu and Kashmir State had acceded to India in 1947. I cannot believe that Americans were ignorant or innocent of the fact that we had acceded to India. It is a very clear intrigue on their part. Why do I say this? It is because of this. Why do they want us to remain a separate country? Obviously, they want to create difficulties because they want some trouble there. The USA had a base at Rawalpindi against Russia. Now that they have lost that base, do they want a base at Kashmir? Or, do they want to convert us into something like Vietnam? What do they want to do with us? I speak with much concern about this, than any one of them on that side could speak, because I am vitally concerned with this matter.

The whole point is that our foreign country has to depend on our naional interests. What is our foreign policy? We became free in 1947. We were an under-developed country. So, the first thing that we wanted was development and for that national integration. What was necessary for that? We wanted secularism. Then for development we wanted peace all around and, therefore, non-alignment. Do we see peace around us? What is happening in Indo-China and west Asia? Who are creating these troubles there? Are those troubles coming up on their own? Truman started trouble in Korea, Johnson in Vietnam and Nixon in Cambodia. American youth are dying along with Vietnamese youth. The private sector in America, the free world which Dr. Karni Singh was praising, are selling the war machinery all right and youth are dying. Americans have no right to be there. Why can't we recognise the Provisional Revolutionary Government? When our Foreign Minister goes to Lusaka, he must raise his voice against all these things, against the Portuguese who are still having colonies in Africa and against aparttreid in South Africa; UK's arms for South Africa, illegal Smith regime, etc. Soviet Union came to our help in the UN by using their veto in regard to Kashmir and Goa. Do these people sitting opposite want us to antagonise Russia for having helped us in all these ways and for arming up against China? We have to understand these things in the correct perspective. We must see that what is necessary for us is peace around. For that, our Foreign Minister has to do a much bigger job than merely asking our Embassies throughout the world to keep on correcting a small line here a dot there or a note of integration in their maps.

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central): Sir, but for two points which were advanced which were quite illogical and strange, I would not have taken the trouble to speak. Mr. Umanath curiously made the point that if the maps are changed, it will adversely affect the interests of China. That was the sum and substance of his argument.

SHRI UMANATH: On a point of order, Sir. He has said that I said in

[Shri Umanath]

my speech that if those maps are changed, it will affect the interests of China. I have not said that. He should not proceed on that basis.

MR. CHAIRMAN: All right. You have denied it. Mr. Bhandare may continue.

SHRI R D. BHANDARE: Mrs. Tarkeshwari Sinha said that because Russia and China are communist countries, the drawing up of Soviet maps is bound to be in favour of China.

